कार्यालय, समन्वयक, प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2021 एवं पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकःशिविरा/प्रा./पंविप/प्री डी.एल.एड./विज्ञापन/2021 दिनांकः 07.06.2021

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
राजस्थान सरकार,
जयपुर।

विषयः प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2021 हेतु समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन बाबत्।
प्रसंगः राज्य सरकार का आदेश क्रमांकः प.7(1) प्राशि/आयो/2021 जयपुर, दिनांकः 06.4.21 एवं समसंख्यक आदेश दिनांकः 24.5.2021

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि राज्य सरकार के प्रसंगोक्त आदेशों द्वारा इस कार्यालय को प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2021 हेतु नोडल एजेन्सी नियुक्त कर उक्त परीक्षा के लिए दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। उक्तानुसार इस कार्यालय द्वारा प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2021 के आयोजन बाबत प्रिन्ट मीडिया के लिए विज्ञापन जारी किया जाना है। अतः संलग्न प्रारूप के मुताबिक दो सर्वाधिक प्रसार वाले राज्य स्तरीय दैनिक समाचार पत्रों (यथा राजस्थान पत्रिका एवं दैनिक भास्कर) के समस्त संस्करणों में उक्त विज्ञापन का प्रकाशन करवाकर अनुगृहीत करें। कृपया हर सूरत में आज ही सम्बन्धित को प्रारूप भिजवाते हुए कल दिनांक 08.6.2021 के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन सुनिश्चित करवाने का कष्ट फरमावें।

इस विज्ञापन का व्यय शासन के निर्देशानुसार निर्धारित दरों पर इस कार्यालय द्वारा किया जायेगा।

संलग्नः विज्ञापन संख्या 01/2021 दिनांकः 07.06.2021 का प्रारूप।

भवदीय,

(पालाराम मेवता)
समन्वयक एवं पंजीयक,
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकःशिविरा/प्रा./पंविप/प्री डी.एल.एड./विज्ञापन/2021 दिनांकः 07.06.2021

प्रतिलिपिः—

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक, प्रा. शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
4. कार्यालय रक्षित पत्रावली

समन्वयक एवं पंजीयक,
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ,
राजस्थान, बीकानेर

राजस्थान सरकार

प्रारम्भिक शिक्षा विभाग

कार्यालय, समन्वयक, प्री डी.एल.एड. परीक्षा एवं पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2021

(डी.एल.एड., सामान्य / डी.एल.एड., संस्कृत प्रवेश परीक्षा)

E-mail: predeled@gmail.com website – www.predeled.com

विज्ञापन संख्या : 01 / 2021 दिनांक: 07.06.2021

राजस्थान राज्य में संचालित सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के मान्यता प्राप्त विभिन्न अध्यापक शिक्षा संस्थानों / संस्थाओं में डी.एल.एड.,सामान्य / डी.एल.एड.,संस्कृत (Formerly Known as B.S.T.C.) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2021 हेतु राजस्थान राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (N.C.T.E.) द्वारा निर्धारित प्रावधानों एवं मानदण्डों के अनुसार पात्र अभ्यर्थियों से निम्नांकित कार्यक्रमानुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं।

क्र.सं.	आवेदन प्रक्रिया का विवरण	तिथि / अवधि
1.	ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ –	09.06.2021
2.	ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि –	10.07.2021
3.	परीक्षा शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि –	12.07.2021

परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, योग्यता, पात्रता, न्यूनतम अर्हता, न्यूनतम प्राप्तांक, आयु सीमा, शारीरिक अयोग्यता, आरक्षण, शुल्क एवं छूट इत्यादि से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वैबसाइट www.predeled.com को विजिट करें। भविष्य में समस्त प्रकार की जानकारियाँ, विज्ञापन, संशोधन, परिवर्तन, परिवर्द्धन, सूचना, अधिसूचना इत्यादि इसी वैबसाइट पर उपलब्ध होंगे। पृथक से समाचार पत्रों में कोई विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा।

(पालाराम मेवता)
समन्वयक
प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2021